नव भारत



चतुर्थ कूष्मांडा

## मां कूष्मांडा की होगी पूजा

नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा-आराधना की जाती है. अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा अंड अर्थात ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्मांडा देवी के रूप में पूजा जाता है। संस्कृत भाषा में कूष्मांडा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा (कूष्मांडा) कहलाती हैं. नवरात्रि में इस दिन भी रोज की भांति सबसे पहले कलश की पूजा कर माता कूष्मांडा को नमन करें. इस दिन पूजा में बैठने के लिए हरे रंग के आसन का प्रयोग करना बेहतर होता है. देवी को लाल वस्त्र, लाल पुष्प, लाल चूड़ी भी अर्पित करना चाहिए. मां कूष्मांडा को इस निवेदन के साथ जल पुष्प अर्पित करें कि उनके आशीर्वाद से आपका और आपके स्वजनों का स्वास्थ्य अच्छा रहे.

# 11 लाख कर्मियों को तोहफा

**78** दिन का रेलवेकर्मियों को केंद्र सरकार देगी बोनस | **18.65** करोड़ इस पर होंगे कुल खर्च | **2019** करोड़ बिहार रेलवे प्रोजेक्ट पर होंगे खर्च | **69** करोड़ शिपबिल्डिंग सेक्टर को मजबूत बनाने होंगे खर्च



**नई दिल्ली 24 सितंबर . प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को कई बड़े फैसले लिए, जिनका सीधा असर लाखों कर्मचारियों और करोड़ों लोगों पर पड़ेगा. बैठक में रेलवे कर्मचारियों को प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस, बिहार में रेल और हाईवे प्रोजेक्ट्स तथा देश के समुद्री और शिपबिल्डिंग सेक्टर के लिए मेगा पैकेज को मंजूरी दी गई. सरकार ने कहा कि ये निर्णय न सिर्फ कर्मचारियों के उत्साह को बढ़ाएंगे, बल्कि इन्फ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक क्षेत्र में विकास की नई गति देंगे.**

केंद्र सरकार ने 10.91 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों के लिए 78 दिन के प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस को मंजूरी दी है. इस पर कुल 1,865.68 करोड़ खर्च होंगे. सरकार का कहना है कि इस बोनस से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और उनकी कार्यक्षमता में और इजाफा होगा.

कैबिनेट ने बिहार में बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया रेलवे लाइन सेक्शन के डबलिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है. इस पर कुल 2,192 करोड़ खर्च होंगे. इस परियोजना से रेल यातायात सुगम होगा और यात्रियों व माल ढुलाई दोनों को फायदा मिलेगा.


इसके अलावा बिहार में ही साहेबगंज-अरेराज-बेतिया सेक्शन को 4-लेन में अपग्रेड करने के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है. यह परियोजना के तहत बनाई जाएगी और इसकी लंबाई 78.942 किलोमीटर होगी. प्रोजेक्ट की कुल लागत 3,822.31 करोड़ है. इसके बन जाने से बिहार के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में कनेक्टिविटी और तेज होगी.

### शिपबिल्डिंग और समुद्री क्षेत्र के लिए मेगा पैकेज

देश के समुद्री और शिपबिल्डिंग सेक्टर को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने 69,725 करोड़ के मेगा पैकेज को मंजूरी दी है. यह योजना चार स्तंभों पर आधारित होगी- शिपबिल्डिंग को बढ़ावा, मैरीटाइम फाइनेंसिंग को मजबूती, घरेलू उत्पादन क्षमता को बढ़ाना और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत की भागीदारी. सरकार का मानना है कि यह कदम आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई दिशा देगा और भारत को ग्लोबल शिपिंग हब बनाने की ओर एक बड़ा कदम साबित होगा.

## जम्मू कश्मीर व पंजाब की राज्यसभा सीट के लिए 24 को चुनाव

**नई दिल्ली, 24 सितंबर (वार्ता).** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर स. चार तथा पंजाब से एक राज्यसभा सीट के लिए 24 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा. चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि इस बारे में छह अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी और 13 अक्टूबर तक उम्मीदवार नामांकन कर सकेंगे. नामांकन पत्रों की जांच 14 अक्टूबर तक की जाएगी और उम्मीदवार द्वारा 16 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे.

भारत स्थानीय विनिर्माण को मजबूत करने और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को समर्थन देने का वचन देता है।


## आप आर्ग्यूमेंट करना ही नहीं चाहते हैं...: सुको

- सुप्रीम कोर्ट ने फिर ओबीसी आरक्षण पर की तल्ख टिप्पणी
- सरकार ने दी है 15 हजार से अधिक पन्नों की रिपोर्ट

**जबलपुर। ओबीसी आरक्षण केस में 24 सितंबर से नियमित सुनवाई होनी थी लेकिन पक्षकारों की अधिक तैयारी न होने से सुनवाई आगे टल गई। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फिर तल्ख़ टिप्पणी की है।**

कोर्ट ने कहा कि लगता है पक्षकार आर्ग्यूमेंट नहीं करना चाहते। यह कोई मजाक नहीं चल रहा... यह गंभीर मामला है। हम मामले में सुनवाई के लिए तैयार हैं, लेकिन आगे बढ़कर पहल करने के लिए कोई तैयार नहीं। वहीं शासकीय पक्ष से एक बार फिर अंतरिम राहत की मांग करते हुए 27 फीसदी आरक्षण लागू करने की मांग की गई है। अनारक्षित पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि शासन ने रात को ही 15 हजार से अधिक पन्नों की रिपोर्ट दी है, इसे पढ़ने के लिए समय चाहिए। इसके बाद मामले में अगली सुनवाई 8 अक्टूबर कर दी गई है। इसके पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सरकार 6 साल से सोई हुई है और यह स्थितियां उनके द्वारा ही पैदा की गई हैं।

### एक नजर में



#### आज वृंदावन में पूजा करेंगी राष्ट्रपति मुर्मु

**नई दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरूवार को उत्तर प्रदेश के वृंदावन जाएंगी. राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार श्रीमती मुर्मु सफदरजंग रेलवे स्टेशन से एक विशेष ट्रेन में वृंदावन के लिए रवाना होंगी. श्रीमती मुर्मु बांके बिहारी मंदिर, निधिवन और कुब्जा कृष्ण मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेंगी। वह वृंदावन स्थित सुदामा कुटी भी जाएंगी और मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मस्थान में दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेंगी।

#### बर्तन व्यवसायी से जंगल में ढाई लाख की लूट

**सीधी.** जिले के पुलिस सहायता केन्द्र टिकरी अंतर्गत दरिया-मन्ने धून्ने जंगल में शनिवार सुबह एक बर्तन व्यवसायी से नकाबपोश बदमाशों ने ढाई लाख रुपये लूट लिए. दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. मिली जानकारी के अनुसार टिकरी निवासी सातेश्वर प्रसाद गुप्ता (47 वर्ष) सुबह करीब 8.55 बजे अपनी बाइक से जंगल से गुजर रहे थे. इसी दौरान दरिया तिराहे पर दो नकाबपोशों ने डंडा अड़ाकर उनकी बाइक रोकी. एक बदमाश बाइक चलाने लगा, जबकि दूसरा उनके पीछे बैठ गया और मुंह दबाते हुए जंगल की ओर ले गया.

## स्वामी चैतन्यानंद पर यौन उत्पीड़न के कई मामले दर्ज

- आरोपी फरार, पहले भी दर्ज हो चुके हैं मामले
- पुलिस ने लुक आउट नोटिस कर दिया जारी



**नई दिल्ली 24 सितंबर (वार्ता) राष्ट्रीय राजधानी के पॉश इलाके में बने श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट में कार्यरत स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के खिलाफ मिली यौन उत्पीड़न की कई शिकायतों की जांच के बाद गंभीर आरोपों में मामला दर्ज कर लिया गया है.**

पुलिस ने बुधवार को बताया कि इस मामले के प्रकाश में आने के बाद मुख्य आरोपी स्वामी चैतन्यानंद फरार हो गया, उसके खिलाफ पुलिस ने लुक आउट नोटिस जारी कर दिया है, जिससे वह देश छोड़कर भाग न सके. दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड में पुलिस की टीमें बाबा की तलाश में छापेमारी कर रही हैं. यह कार्रवाई पीड़ित छात्राओं के गंभीर आरोपों के बाद शुरू की गई है, जिन्होंने बाबा पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है. छात्राओं का कहना है कि चैतन्यानंद उन्हें नंबर कम करने और फेल करने की धमकी देकर अपने कमरे में बुलाता था. इतना ही नहीं, वह उन्हें विदेश ले जाने का लालच भी देता था.

# लद्दाख हिंसा में चार की मौत

## पूर्ण राज्य की मांग को लेकर प्रदर्शन, 20 से ज्यादा घायल



**लेह/नयी दिल्ली, 24 सितंबर (वार्ता) लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और इसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में छात्रों के हिंसक विरोध-प्रदर्शन में चार युवाओं की मौत और 20 से अधिक लोगों के घायल होने की रिपोर्ट हैं, हालांकि अभी हताहतों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है.**

इस बीच गत 10 सितंबर से लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने हडताल तोड़ दी है. वांग्चुक ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, आज मेरा शांतिपूर्ण मार्ग का संदेश विफल हो गया. मैं युवाओं से अपील करता हूँ कि कृपया यह अनुचित कार्य बंद करें. इससे हमारे उद्देश्य को ही नुकसान पहुंचता है.इस भूख हड़ताल को लद्दाख एपेक्स बॉडी (एलएबी) के युवा विंग का समर्थन प्राप्त था. एलएबी ने विरोध प्रदर्शन और बंद का आह्वान किया था, क्योंकि पिछले दिन दो भूख हड़ताली लोगों की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

पुलिस सूत्रों के मुताबिक छात्रों की पुलिस के साथ कथित तौर पर झड़प हुई और उन्होंने पथराव किया. प्रदर्शनकारियों ने एक सीआरपीएफ वाहन और स्थानीय बीजेपी कार्यालय में आग लगा दी, जिसके बाद स्थिति और बिगड़ गई. पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया. कानून और व्यवस्था बहाल करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं .हिंसक झड़पों के बाद चार दिवसीय वार्षिक लद्दाख उत्सव का समापन समारोह रद्द कर दिया गया. लेफ्टिनेंट गवर्नर कविंदर गुप्ता को इस समापन समारोह में शामिल होने वाले थे.

## सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा 17 फरवरी से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 2026 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की संभावित तिथि जारी कर दी है। बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी, 2026 से शुरू होकर 15 जुलाई, 2026 तक चलेंगी। इस दौरान, मुख्य परीक्षाओं के साथ-साथ, कक्षा 12वीं के खेल वर्ग के छात्रों के लिए परीक्षाएं, कक्षा 10वीं की द्वितीय सत्र की बोर्ड परीक्षाएं और कक्षा 12वीं की पूरक परीक्षाएं भी आयोजित की जाएंगी। बोर्ड के अनुसार, लगभग 45 लाख छात्र 2026 की परीक्षाओं में शामिल होंगे। ये परीक्षाएं भारत में 204 विषयों और 26 विदेशी देशों में आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक विषय की परीक्षा के लगभग 10 दिन बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू होगा.

# किसानों के खाते में 337 .12 करोड़ किए ट्रांसफर

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट से दी बड़ी सौगात



**बालाघाट, 24 सितम्बर. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को बालाघाट जिले के कटंगी से किसानों को बड़ी सौगात दी. मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से 6,69,000 धान उत्पादक किसानों के खातों में 337.12 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की. यह राशि समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को बोनस के रूप में दी गई है.**

सरकार की ओर से किसानों को धान पर 4,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है. मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 4315 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपे और जिले में 244 करोड़ रुपये लागत के 75 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा मार्च 2026 में लाल सलाम को आखिरी सलाम होगा. इनको कोई मदद करने वाला नहीं है. प्रदेश के तीन जिलों के 812 जवानों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं.

### सीएम की घोषणाएं

कतरकाना में नया अस्पताल बनेगा,कटंगी-सिवनी मार्ग पर पुल का निर्माण, कटोरी से घोरगढ़ गौरी चौक मार्ग बनाया जाएगा. चनई नदी पर पुल बनेगा. खमरिया-बीसापुर 5.5 किमी सड़क का मजबूतीकरण,कटेदरा से मानेगांव मार्ग का निर्माण, बिछवा से चंदाडोह पुल का निर्माण, जंगली जानवरों से सुरक्षा हेतु सोलर फेंसिंग. कोडबी महकेपार रेलवे स्टेशन का मजबूतीकरण और लिंगापौनर स्कूल का उन्नयन .

# दुरुपयोग को रोकेगा ई-साइन सिस्टम

- चुनाव आयोग ने पोर्टल किया लांच
- नाम कटवाने मोबाइल पर आएगा ओटीपी



**नई दिल्ली 24 सितंबर. वोटर लिस्ट से नाम काटने पर उठे विवाद को सुलझाने के लिए चुनाव आयोग ने एक नई तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है. यह बदलाव राहुल गांधी द्वारा कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम बड़े पैमाने पर हटाने के लिए किए अनियमित आवेदनों के खुलासे के बाद किया है.**

इस तकनीकी सुविधा से मतदाता पहचान के दुरुपयोग को रोका जा सकेगा. अब ई-साइन तकनीक के जरिए इस समस्या से निपटा जाएगा. निर्वाचन आयोग ने अपने ईसीआईनेट पोर्टल और ऐप पर एक नया ई-साइन फीचर पेश किया है. इस फीचर के तहत, वोटर्स को रजिस्ट्रेशन, नाम हटाने या सुधार के लिए आवेदन करते वक्त अपने आधार से जुड़े फोन नंबरों का उपयोग करके अपनी पहचान सत्यापित करनी होगी. पहले आवेदक बिना किसी सत्यापन के फॉर्म जमा कर सकते थे, जिससे पहचान के दुरुपयोग का खतरा था.

### ओटीपी के जरिए वेरिफिकेशन

आधार नंबर दर्ज करने के बाद, एक आधार ओटीपी उस फोन नंबर पर भेजा जाता है, जो आधार से जुड़ा हुआ है. ओटीपी दर्ज करने और सहमति देने के बाद ही वेरिफिकेशन पूरा होता है, जिसके बाद आवेदक को फॉर्म जमा करने के लिए वापस ईसीआईनेट पोर्टल पर भेजा जाता है. यह प्रक्रिया फर्जी आवेदनों को रोकने में मदद करेगी.

**कांग्रेस का मंथन** | पटना में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक, सलमान खुर्शीद और सचिन पायलट जैसे दिग्गज रहे मौजूद

# 50 फीसदी आरक्षण की दीवार गिराएंगे : राहुल गांधी




**पटना 24 सितंबर . पटना में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में राहुल गांधी ने बिहार के हालात को लेकर भाजपा पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि कांग्रेस 50 फीसदी आरक्षण की दीवार गिराएंगी. आजादी के बाद से लगातार बिहार की जनता के साथ अन्याय और शोषण हुआ है. केंद्र और राज्य में बैठे सत्ताधारियों ने इस राज्य की संभावनाओं को कुचल दिया, जबकि यहां के लोग मेहनतकश और प्रतिभाशाली हैं.**

उन्होंने कहा कि किसान और मजदूर मजबूरी में पलायन कर रहे हैं, युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे नेताओं ने केवल अपने परिवार और करीबी लोगों का विकास किया, जबकि गरीब जनता को गरीबी और बेरोजगारी के दलदल में छोड़ दिया. बिहार में अपार प्राकृतिक और मानवीय संसाधन हैं. यहां की मिट्टी, यहां का श्रम और यहां के लोग देश को नई ऊंचाई तक ले जाने की क्षमता रखते हैं.

4 घंटे चली इस बैठक में पार्टी ने कई राजनीतिक, कूटनीतिक और सामाजिक प्रस्ताव पास हुए. संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि तेलंगाना में कार्य समिति बैठक के 2 माह बाद कांग्रेस की सरकार बनी थी. बिहार में भी बैठक के दो माह के अंदर सरकार बनेगी. बैठक में सलमान खुर्शीद और सचिन पायलट जैसे दिग्गज नेता शामिल हुए. बैठक में शामिल होने के लिए सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी नहीं आईं. बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बीजेपी नीतीश कुमार को मेंटली रिटायर्ड मान चुकी है. वो उन्हें बोझ मानती है. उन्होंने बीजेपी और चुनाव आयोग पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि वोट चोरी का मतलब है- दलित, आदिवासी, पिछड़ा, अति-पिछड़ा, अल्पसंख्यक, कमजोर और गरीब के राशन की चोरी, पेंशन चोरी, दवाई चोरी, बच्चों की छात्रवृत्ति और परीक्षा की चोरी.

### चुनाव आयोग सीआईडी को सुबूत कब देगा : कांग्रेस नेता

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को वोट चोरी के मुद्दे पर घेरते हुए बुधवार को उन पर फिर निशाना साधा और कहा कि यह अच्छी बात है कि उनकी सलाह पर वह मतदाता सूची को ज्यादा पारदर्शी बना रहे हैं, लेकिन यह भी बताएं कि वोट चोरी करने वालों को कब पकड़ेंगे। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा ज्ञानेश जी, हमने चोरी पकड़ी तब आपको ताला लगाना याद आया - अब चोरों को भी पकड़ेंगे तो बताइए, सीआईडी को सबूत कब दे रहे हैं आप।

# मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

## झारखंड में दो नक्सलियों पर था पांच-पांच लाख का इनाम



**गुमला 24 सितंबर. जिले में आज बुधवार सुबह सुरक्षा बलों और पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं. इनमें पांच-पांच लाख के इनामी लालू लोहरा और छोटू उरांव के अलावा सुजीत उरांव शामिल हैं. तीनों प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) से जुड़े थे. यह मुठभेड़ बिशुनपुर थाना क्षेत्र के केचकी जंगल में हुई.**

गुमला पुलिस ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है. मारे गए नक्सलियों में लोहरदगा निवासी लालू लोहरा जेजेएमपी का सब-जोनल कमांडर था. उसके पास से एके-47 राइफल बरामद हुई है. दूसरा नक्सली छोटू उरांव लातेहार का रहने वाला था और वह भी नक्सली संगठन में सब-जोनल कमांडर था. इन दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए के इनाम थे.

वहीं, तीसरा नक्सली सुजीत उरांव, लोहरदगा का रहने वाला था और संगठन में कैडर के रूप में सक्रिय था.